PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

'कोई भी महान व्यक्ति अवसरों की कमी के बारे में शिकायत नहीं करता।'

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | वीरवार, 17 सितंबर, 2026, साल-2, अंक-54, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

किशाऊ परियोजना हरियाणा और हिमाचल समेत 6 राज्यों में समझौता

- टोंस नदी पर बनेगा 232.6 मीटर ऊंचा बांध, यमुना में बढ़ेगा पानी

चंडीगढ़, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और जल शक्ति मंत्री आरआर पाटिल (बीच में) के साथ दाएं से हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी, हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के पुष्कर धामी, राजस्थान के भजनलाल शर्मा, एवं दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता। -एएनआई



यमुना बेसिन में पानी की उपलब्धता बढ़ाने वाली किशाऊ बहुउद्देशीय परियोजना अब आगे बढ़ेगी। इससे यमुना के पर्यावरणीय प्रवाह के लिए 25 प्रतिशत पानी उपलब्ध होने के साथ छह राज्यों को पानी, सिंचाई और बिजली के स्तर पर लाभ मिलने की उम्मीद है। परियोजना से 97 हजार हेक्टेयर जमीन की सिंचाई और 1476 मिलियन यूनिट स्वच्छ जलविद्युत उत्पादन का लक्ष्य है।

इस संदर्भ में मंगलवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की मौजूदगी में अहम बैठक हुई। बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हिमाचल के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू, उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के भजन लाल शर्मा, उत्तराखंड के पुष्कर सिंह धामी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 32 साल से अटकी इस परियोजना के समझौते पर हस्ताक्षर किए।

परियोजना के तहत उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर टोंस नदी पर 232.6 मीटर ऊंचा कंक्रीट ग्रैविटी बांध बनाया जाएगा। इसमें 1562 मिलियन क्यूबिक मीटर पानी का भंडारण होगा। केंद्र सरकार परियोजना की करीब 90 प्रतिशत लागत उठाएगी, जबकि शेष 10 प्रतिशत राशि 1994 के समझौते के अनुसार संबंधित राज्यों को वहन करनी होगी।

किशाऊ परियोजना की कहानी 12 मई, 1994 से जुड़ी है। तब समझौता हुआ था कि यमुना बेसिन में बनने वाली प्रत्येक भंडारण परियोजना के लिए अलग करार किया जाएगा। इसके बाद परियोजना पर राज्यों के बीच सहमति बनाने की प्रक्रिया चलती रही। वर्ष 2019 में लखवार और रेणुकाजी बहुउद्देशीय परियोजनाओं से जुड़े विवाद सुलझने के बाद किशाऊ पर भी काम आगे बढ़ा। परियोजना पर 16 जून, 2026 को औपचारिक सहमति बनी। इसके बाद जल शक्ति मंत्रालय ने राज्यों के साथ तकनीकी और आर्थिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए अंतिम सहमति का रास्ता तैयार किया।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मुताबिक यमुना में प्रदेश की 48 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ऐसे में यमुना में पानी की उपलब्धता बढ़ने का सीधा लाभ हरियाणा को मिलेगा। रेणुकाजी, लखवार और किशाऊ परियोजनाओं से हरियाणा के हिस्से में करीब 1143 'मिलियन क्यूबिक मीटर' (एमसीएम) पानी आने का अनुमान है।

सीएम मान की पत्नी ने मजीठिया, हरसिमरत बादल और खैरा के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया

- चंडीगढ़ कोर्ट में शिकायत दर्ज; झूठे आरोपों से छवि खराब करने के लिए सज़ा की मांग

चंडीगढ़, 16 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर ने अपने ऊपर लगाए गए झूठे आरोपों को लेकर अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया, हरसिमरत कौर बादल और कांग्रेस नेता सुखपाल सिंह खैरा के खिलाफ कोर्ट में आपराधिक मानहानि का केस दर्ज कराया है।

उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 210 और 222 के तहत चंडीगढ़ कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई है, जो भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 356 के तहत आने वाले अपराध से संबंधित है। अपनी शिकायत में उन्होंने कहा है कि वह एक क्वालिफाइड मेडिकल प्रोफेशनल हैं और समाज में उनका सम्मानजनक स्थान और प्रतिष्ठा है। शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपियों द्वारा लगाए गए बेबुनियाद आरोपों से उनके चरित्र और प्रतिष्ठा को सामाजिक और व्यक्तिगत रूप से अपूरणीय क्षति पहुँची है। उन्होंने कहा कि बिक्रम सिंह मजीठिया ने उनके खिलाफ एक झूठा अभियान चलाया था। 1 सितंबर, 2026 को चंडीगढ़ में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान,



मजीठिया ने बेबुनियाद और झूठे बयान दिए और आरोप लगाया कि डॉ. गुरप्रीत कौर ने-एक रिश्तेदार के माध्यम से-बलात्कार जैसे गंभीर अपराध में शामिल एक आरोपी को बचाने के लिए सरकारी तंत्र को प्रभावित करने के बदले पैसे की मांग की थी।

इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, मनगढ़ंत ऑडियो रिकॉर्डिंग, तस्वीरें और सीसीटीवी फुटेज दिखाए गए ताकि यह दावा किया जा सके कि शिकायतकर्ता के करीबी लोग वित्तीय लेन-देन में शामिल थे।

डॉ. गुरप्रीत कौर ने कहा कि सभी आरोपियों ने अपने बयानों में खास तौर पर उन्हें निशाना बनाया है। एक महिला होने के बावजूद, उन्हें ऐसे व्यक्ति के रूप में पेश किया गया है जिसने पैसे के लिए बलात्कार के आरोपी की मदद की।

बिहार में 50 लाख लोग बाढ़ में घिरे

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में लैंडस्लाइड

- यूपी के लखीमपुर में 7 मकान नदी में बहे; MP-राजस्थान में अलर्ट

नई दिल्ली, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

बिहार के 15 जिलों की 575 पंचायतों में करीब 50 लाख की आबादी अभी भी बाढ़ के पानी से घिरी हुई है। कटिहार में सरकारी स्कूल और कोचिंग सेंटर बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। बच्चे नाव में बैठकर पढ़ रहे हैं। प्रदेश के 26 जिलों बारिश का यलो अलर्ट है। आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी जारी की गई है।

यूपी में बारिश से नदियां उफान पर हैं। 26 जिलों में बाढ़ के हालात हैं। करीब 4 लाख की आबादी प्रभावित है। वहीं, लखीमपुर में शारदा नदी का कटान तेज होने से 24 घंटे में 7 मकान नदी में समा गए हैं।

उत्तराखंड के पिथौरागढ़ के आदि कैलाश मार्ग पर दोबाट में लैंडस्लाइड से सड़क फिर बंद हो गई। रुद्रप्रयाग में केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा के पास सुरक्षा के मद्देनजर यात्रियों को हेलमेट



पहनाकर भेजा जा रहा है। चार दिन पहले लैंडस्लाइड में कई घोड़े-खच्चर मारे गए थे। रास्ते में पड़े शवों से बदबू और सांस लेने में परेशानी की शिकायतें सामने आ रही हैं।

राजस्थान के 26 जिलों में 17 सितंबर तक बारिश का यलो अलर्ट है। मंगलवार को अजमेर, पाली समेत कुछ अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। वहीं, मध्य प्रदेश के पश्चिमी इलाकों में 17 से 19 सितंबर तक और 18 से 21 सितंबर तक पूर्वी हिस्से में बारिश हो सकती है।

राहुल गांधी का मोदी सरकार पर हमला

ट्रंप के सामने झुकना बंद करें,

UPI पर 0.4% MDR को लेकर उठाए सवाल

नई दिल्ली, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यूपीआई लेनदेन पर शुल्क की व्यवस्था को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने पूरी तरह झुक गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को यूपीआई लेनदेन पर लगाए गए शुल्क को वापस लेना चाहिए।

गांधी ने 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट कर प्रधानमंत्री मोदी से अमेरिका के सामने ''झुकना बंद करने, साहस दिखाने, डटकर खड़े होने और ''यूपीआई टैक्स'' वापस लेने का आग्रह किया। सरकार ने मंगलवार को, 15 अक्टूबर से व्यापारियों को किए जाने वाले 2,000 रुपये से अधिक के यूपीआई भुगतान पर 0.4 प्रतिशत



शुल्क लगाए जाने की घोषणा की। हालांकि, आम लोगों के बीच होने वाले लेनदेन और छोटी रकम के भुगतान को किसी भी शुल्क से अलग रखा गया है।

गांधी ने वीडियो में कहा, ''एक बार (पूर्व प्रधानमंत्री) इंदिरा गांधी जी से पूछा गया था कि वह बाईं ओर झुकाव रखती हैं या दाईं ओर। उनका जवाब था कि मैं न बाईं ओर झुकाव रखती हूं, न दाईं ओर, मैं सीधे खड़ी रहती हूं। मोदी जी की अवधारणा बिल्कुल अलग है।

पाकिस्तान ने फिर बढ़ाया भारतीय विमानों पर एयरस्पेस बैन

अब 24 अक्टूबर तक जारी रहेगी रोक

इस्लामाबाद, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंध को बुधवार को और एक महीने के लिए बढ़ा दिया। देश के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने यह जानकारी दी। अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान और भारत ने एक-दूसरे की विमानन कंपनियों के लिए हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंध लगाए थे। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण (पीएए) द्वारा जारी एक नोटिस में कहा गया, 'भारतीय पंजीकरण वाले विमानों तथा भारतीय विमानन कंपनियों/ ऑपरेटरों द्वारा संचालित, स्वामित्व वाले या लीज पर लिए गए विमानों, जिनमें सैन्य उड़ानें भी शामिल हैं, के लिए पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र उपलब्ध नहीं है।'' नोटिस के अनुसार, प्रतिबंध का विस्तार बुधवार सुबह दस बजकर 45 मिनट से प्रभावी हो गया और अब यह 24 अक्टूबर 2026 को



सुबह चार बजकर 59 मिनट तक लागू रहेगा।

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब प्रतिबंध की अवधि 24 सितंबर को समाप्त होने वाली थी। पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र को 'दो फ्लाइट इंफॉर्मेशन रीजन में बांटा गया है-कराची और लाहौर और ये आदेश दोनों क्षेत्रों पर लागू होगा।

सीमा पार तस्करी का रैकेट पकड़ा गया

काउंटर इंटेलिजेंस ने 27 किलो हेरोइन और एक पिस्तौल के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया

अमृतसर, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

अमृतसर की काउंटर इंटेलिजेंस ने नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल एक सीमा-पार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस रैकेट से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 27 किलोग्राम हेरोइन, विदेश में बनी एक आधुनिक .30 बोर पीएक्स5 पिस्तौल और तीन कारतूस बरामद किए गए हैं।



अपने सोशल मीडिया अकाउंट (ट्विटर) पर जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि आरोपी दुबई में बैठे लोगों और सीमा पार के तस्करों के साथ मिलकर काम कर रहे थे। वे इन लोगों से मिले निर्देशों के आधार पर आगे नशीले पदार्थों और हथियारों की सप्लाई कर रहे थे।

इस मामले में अमृतसर के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई है। तस्करी नेटवर्क में शामिल सभी लोगों की पहचान करने के लिए आगे की जांच जारी है।

सेना, नौसेना और वायु सेना के वीरता पुरस्कार विजेताओं को जीवन भर मुफ़्त रेल यात्रा की सुविधा मिलेगी

- रक्षा मंत्रालय की मंज़ूरी से परिवारों को भी फ़ायदा; 1 नवंबर से ऑनलाइन बुकिंग शुरू

चंडीगढ़, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

रक्षा मंत्रालय ने वीरता के लिए सेना मेडल, नौसेना मेडल और वायु सेना मेडल पाने वाले कर्मियों के लिए भारतीय रेल में जीवन भर मुफ़्त यात्रा (फर्स्ट क्लास, सेकंड AC और AC चेयर कार में) की सुविधा को मंज़ूरी दे दी है।

यह सुविधा पुरस्कार विजेताओं के जीवनसाथी (या पुनर्विवाह न होने तक विधवाओं) और शहीद हुए अविवाहित पुरस्कार विजेताओं के माता-पिता को भी मिलेगी। इस सरकारी मंज़ूरी को लागू करने के लिए एक आसान, पेपरलेस (डिजिटल) प्रक्रिया शुरू की गई है। भारतीय सेना ने बुधवार को घोषणा की कि पात्र लाभार्थी 'इंडियन रेलवे कंसेशन कार्ड' पोर्टल के ज़रिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

वेरिफिकेशन प्रक्रिया के बाद ऑनलाइन ई-पास जारी किए जाएंगे और आईआरसीटीसी वेबसाइट के ज़रिए टिकट बुकिंग 1 नवंबर, 2026 से शुरू होगी। सेना मेडल, नौ सेना मेडल और वायु सेना मेडल दो श्रेणियों में आते हैं: वीरता और कर्तव्य के प्रति समर्पण। केवल वीरता के लिए ये मेडल पाने वाले ही इस रेल यात्रा सुविधा के लिए पात्र होंगे।

पहले यह सुविधा 'चक्र' श्रेणी के पुरस्कार विजेताओं तक ही सीमित थी, जिसमें परमवीर चक्र, महावीर चक्र और वीर चक्र (युद्ध के समय वीरता के लिए दिए जाने वाले) और अशोक चक्र, कीर्ति चक्र और शौर्य चक्र (शांति के समय वीरता के लिए दिए जाने वाले) शामिल हैं। वरीयता के क्रम में, वीरता के लिए दिए जाने वाले सेना मेडल, नौ सेना मेडल और वायु सेना मेडल, वीर चक्र और शौर्य चक्र के बाद चौथे स्थान पर आते हैं।

केंद्र सरकार वीरता पुरस्कार विजेताओं को कई तरह की सुविधाएँ देती है, जिनमें आर्थिक लाभ, हवाई और रेल यात्रा में छूट और शिक्षण संस्थानों में उनके बच्चों के लिए आरक्षण शामिल है। इसके अलावा, अलग-अलग राज्य सरकारें भी अपनी नीतियों के अनुसार कई तरह की सुविधाएँ देती हैं।

पंजाब सरकार ने धार्मिक अपमान-विरोधी कानून के लिए सात सदस्यीय समन्वय समिति का गठन किया

श्री अकाल तख्त साहिब के निर्देशों का पालन

चंडीगढ़, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

श्री अकाल तख्त साहिब के निर्देशों का पालन करते हुए, पंजाब सरकार ने आज 'जगत जोत श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार (संशोधन) अधिनियम 2026' से जुड़े मामलों में समन्वय के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति धार्मिक अपमान-विरोधी (संशोधन) अधिनियम से संबंधित मुद्दों पर श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा गठित पैनल के साथ समन्वय करेगी। इस समिति के गठन के आदेश पंजाब गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक शेखर ने जारी किए हैं।

सात सदस्यीय समिति में धार्मिक, प्रशासनिक और न्यायिक क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां शामिल हैं। इस समिति में श्री अकाल तख्त साहिब के पूर्व जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह, दमदमी टकसाल के प्रमुख संत ज्ञानी हरनाम सिंह खालसा, संत बाबा सेवा सिंह रामपुर खेड़ा, पूर्व जस्टिस जसपाल सिंह, पूर्व



आईपीएस अधिकारी जतिंदर सिंह औलख और कानूनी अधिकारी प्रीत इंदर पॉल सिंह शामिल हैं।

पंजाब सरकार की ओर से, यह सात सदस्यीय समिति श्री अकाल तख्त साहिब द्वारा गठित समिति के साथ नियमित समन्वय बनाए रखेगी और चर्चा करेगी। इसके बाद, यह आगे की कार्रवाई के लिए पंजाब सरकार को सिफारिशों वाली रिपोर्ट सौंपेगी।

अरब सागर में पाकिस्तानी युद्धपोत भारतीय जहाज से टकराया

- विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के सीनियर राजनयिक को तलब किया


नई दिल्ली, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को नई दिल्ली में पाकिस्तान के सीनियर राजनयिक (चार्ज डी अफेयर्स) को तलब किया ताकि समुद्र में पाकिस्तानी नौसेना की इकाइयों के 'अनुचित और गैर-पेशेवर व्यवहार' के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया जा सके। मंगलवार को, पाकिस्तानी नौसेना का एक जहाज भारतीय नौसेना के युद्धपोत से टकरा गया था।

सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी नौसेना का जहाज उत्तरी अरब सागर में नियमित गश्त पर तैनात भारतीय नौसेना के युद्धपोत के बहुत करीब तेज़ी से आया। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तानी नौसेना का जहाज तेज़ गति से चल रहा था और गैर-पेशेवर और असुरक्षित तरीके से हरकतें कर



रहा था। इसी वजह से टक्कर हुई। हालांकि, किसी नुकसान की कोई खबर नहीं है।' विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने कड़ा विरोध दर्ज कराने के लिए नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के चार्ज डी अफेयर्स को तलब किया था। मंत्रालय ने इस घटना को समुद्र में पाकिस्तानी नौसेना की इकाइयों के 'अनुचित और गैर-पेशेवर व्यवहार' का नतीजा बताया, जिसके कारण भारतीय नौसेना के जहाज के साथ टक्कर हुई। मंत्रालय ने कहा कि यह घटना अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में हुई और इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हालांकि, उसने कहा कि पाकिस्तानी युद्धपोत का व्यवहार भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य अभ्यास, सैनिकों की आवाजाही और संबंधित गतिविधियों की अग्रिम सूचना देने से संबंधित अप्रैल 1991 के समझौते के अनुच्छेद 10 का सीधा उल्लंघन था। पाकिस्तानी चार्ज डी अफेयर्स को निर्देश दिया गया है कि वे संबंधित पाकिस्तानी अधिकारियों तक यह संदेश पहुंचाएं और उनसे आग्रह करें कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी सैन्य इकाइयां ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए पूरी सावधानी बरतें और दोनों देशों के बीच समझौतों की शर्तों का सम्मान करें।



न्यूज़ीलैंड की संसद ने भारत के साथ व्यापार समझौते को मंज़ूरी दी

नई दिल्ली, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने बुधवार को कहा कि देश की संसद ने भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को मंज़ूरी दे दी है।

भारत और न्यूज़ीलैंड ने 27 अप्रैल को व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत भारत के सभी तरह के निर्यात (100 प्रतिशत) पर बिना किसी शुल्क (ड्यूटी-फ्री) के व्यापार की सुविधा मिलेगी, जिसमें कपड़ा, चमड़े के जूते, और रत्न व आभूषण शामिल हैं।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लक्सन ने कहा, 'लोगों ने मुझसे कहा था कि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता संभव नहीं है। लेकिन आज संसद में उस समझौते पर अंतिम वोटिंग हो गई और वह पास हो गया। यह हो रहा है... इस अहम समझौते का मतलब है न्यूज़ीलैंड के लोगों (कीवीज़) के लिए ज़्यादा नौकरियां और ज़्यादा आमदनी। इसका मतलब है कि 1.4 अरब भारतीय उपभोक्ताओं के लिए



दरवाज़े खुलने से भारत में न्यूज़ीलैंड के और ज़्यादा उत्पाद बिकेंगे।'

उम्मीद है कि यह समझौता अगले महीने से लागू हो जाएगा। भारत में, केंद्रीय मंत्रिमंडल उन मुक्त व्यापार समझौतों को मंज़ूरी देता है जिन पर नई दिल्ली दूसरे देशों या समूहों के साथ हस्ताक्षर करती है।

यह दूसरा मौका है जब भारत ने किसी व्यापार समझौते के तहत विदेशी प्रत्यक्ष निवेश का वादा हासिल किया है; न्यूज़ीलैंड ने 15 वर्षों में 20 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश का वादा किया है। इसी तरह का वादा 15 वर्षों में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का ईएफटीए (चार यूरोपीय देशों का समूह) ने भी भारत के साथ अपने समझौते में किया था। इस व्यापार समझौते के लिए बातचीत दिसंबर 2025 में पूरी हुई थी। इसके तहत न्यूज़ीलैंड में भारत के सभी तरह के निर्यात (100 प्रतिशत) पर बिना किसी शुल्क के व्यापार की सुविधा मिलेगी। इसमें सभी टैरिफ लाइन या उत्पाद श्रेणियां शामिल हैं, जैसे कपड़ा, चमड़ा, जूते, रत्न और आभूषण, इंजीनियरिंग का सामान और प्रोसेस्ड फूड। अभी, न्यूज़ीलैंड भारत के प्रमुख निर्यात उत्पादों-जैसे सिरेमिक, कालीन, ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स-पर 10 प्रतिशत तक का अधिकतम शुल्क (पीक टैरिफ) लगाता है। दूसरी ओर, भारत ने न्यूज़ीलैंड की 70 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर शुल्क में छूट (टैरिफ लिबरलाइज़ेशन) की पेशकश की है-जिसमें द्विपक्षीय व्यापार मूल्य का 95 प्रतिशत हिस्सा शामिल है-जबकि 29.97 प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों को समझौते के दायरे से बाहर रखा है।



जोश भी, होश भी... चिट्टे पर प्रहार के लिए एकजुट हुआ ऊना

करीब 40 हजार लोगों की भागीदारी, मुख्यमंत्री के साथ कदम से कदम मिलाकर चले युवा



ऊना, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

इंदिरा खेल मैदान में बुधवार सुबह से ही चहल-पहल शुरू हो गई थी। जिले भर के स्कूलों और कॉलेजों से विद्यार्थी और युवा अपने-अपने संस्थानों से यहां पहुंचने लगे थे। इनके साथ बड़ी संख्या में आम लोग भी वॉकाथॉन का हिस्सा बनने पहुंचे। कोई दोस्तों के साथ तस्वीरें खिंचवा रहा था, कोई हाथ में नशे के खिलाफ संदेश वाली तख्ती लिए था तो कहीं गीतों पर युवा झूमते नजर आ रहे थे। देखते ही देखते मैदान युवाओं के जोश से भर गया और करीब 40 हजार प्रतिभागियों की मौजूदगी में ऊना ने नशे के खिलाफ अपनी एकजुटता दिखाई।

इतनी बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने के बीच जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से किए गए इंतजाम भी दुरुस्त और चाक-चौबंद रहे। यातायात और भीड़ प्रबंधन से लेकर प्रतिभागियों के लिए पेयजल और रिफ्रेशमेंट तक की व्यवस्था की गई थी। दूर-दराज से पहुंचे विद्यार्थियों और आम लोगों को भी आयोजन के दौरान किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

सुबह 8 बजे से पुलिस बैंड 'हार्मनी ऑफ द पाइन्स' की प्रस्तुतियों ने माहौल में और रंग भर दिया। गीतों की धुन पर युवा झूमते रहे। कहीं तालियां बज रही थीं तो कहीं नशे के खिलाफ नारे गूंज रहे थे। मैदान में मौजूद हर तरफ युवाओं का जोश दिखाई दे रहा था।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में वॉकाथॉन शुरू हुआ तो यह जोश सड़कों पर उतर आया। मुख्यमंत्री के साथ चलने और उनके साथ सेल्फी लेने के लिए बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह रहा। जहां मुख्यमंत्री रुकते, वहीं उनके साथ फोटो खिंचवाने वालों की भीड़ जुट जाती। कई युवा उनके साथ चलते हुए ही सेल्फी लेते नजर आए।

मुख्यमंत्री भी युवाओं के इस उत्साह के बीच सहजता से चलते रहे। पूरे रास्ते बच्चों और युवाओं से बातचीत करते रहे। किसी का हालचाल पूछा तो किसी से पढ़ाई और भविष्य को लेकर बात की। मुख्यमंत्री के साथ कुछ कदम चलना और उनसे सीधे संवाद करना युवाओं के लिए वॉकाथॉन का खास अनुभव बन गया।

मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधायक राकेश कालिया, सुदर्शन बबलू, विवेक शर्मा, पूर्व मंत्री एवं एससी आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार, पूर्व विधायक सतपाल रायजादा, महाधिवक्ता अनूप रत्न, जिला कांग्रेस अध्यक्ष देशराज गौतम सहित अन्य गणमान्य भी युवाओं के साथ चले।


वॉकाथॉन के दौरान मुख्यमंत्री ने युवाओं को एंटी-चिट्टा अभियान और पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई तथा चिट्टा मुक्त हिमाचल बनाने का संदेश दिया।

मैदान से सड़क तक बढ़ते हजारों कदमों के साथ नारे और गीत लगातार गूंजते रहे। हाथों में तख्तियां थीं, जुबां पर नशे के खिलाफ आवाज और कदमों में गजब का उत्साह। युवाओं के इस जोश में यह संकल्प भी साफ दिखाई दे रहा था कि नशे से दूर रहकर स्वस्थ और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ना है।

पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने ऊना में उमड़ी भीड़ को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रदेश में अब तक आयोजित एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन में ऊना की यह जन भागीदारी सबसे बड़ी और रिकॉर्ड कायम करने वाली है। उपायुक्त जतिन लाल ने आयोजन में शामिल युवाओं, शिक्षण संस्थानों, विभागों और सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

करीब 40 हजार लोगों की मौजूदगी में हुआ यह वॉकाथॉन ऊना के लिए एक यादगार तस्वीर छोड़ गया। सुबह मैदान में शुरू हुआ युवाओं का जोश सड़कों तक पहुंचा। गीतों और नारों के बीच हजारों कदम एक साथ आगे बढ़े और पूरे रास्ते एक ही संदेश गूंजता रहा...चिट्टे पर प्रहार, हिमाचल है तैयार।

मुख्यमंत्री ने नेपाल बाढ़ में लापता ऊना के इंजीनियर के परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया



ऊना, 16 सितम्बर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

कुछ दिनों पूर्व नेपाल में आई बाढ़ के बाद से लापता ऊना निवासी इंजीनियर सुखविंदर रतन के परिजनों ने आज ऊना के सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से भेंट की और उनकी खोज के लिए सरकार से सहायता प्रदान करने का अनुरोध किया। परिजनों ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि नेपाल में बाढ़ आने के बाद से सुखविंदर रतन के बारे में कोई जानकारी प्राप्त न होने के कारण परिजन बेहद चिंतित हैं। मुख्यमंत्री ने परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि राज्य सरकार सुखविंदर रतन की तलाश के प्रयासों में तेजी लाने तथा उन्हें शीघ्र ढूंढने का मामला केन्द्र सरकार के समक्ष उठाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनके बारे में जल्द से जल्द जानकारी प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और इस कठिन समय में राज्य सरकार परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। नेपाल में 216 मेगावाट की अपर त्रिशूली जलविद्युत परियोजना में सुखविंदर रतन साइट इंजीनियर के रूप में कार्यरत थे। वह 26 अगस्त को क्षेत्र में आई भीषण बाढ़ के बाद से लापता है।

काउंसलर हरदीप सिंह बुटेरला ने घर-घर जाकर कूड़ा उठाने की समस्या को लेकर अधिकारी से मुलाकात की

पैग़ाम-ऐ-जगत
चंडीगढ़, 16 सितंबर (हरमिंदर नागपाल)



चंडीगढ़ नगर निगम के वार्ड नंबर 30 से काउंसलर हरदीप सिंह बुटेरला ने आज एम ओ एच इंदरदीप कौर से मुलाकात की। उन्होंने अपने वार्ड में आने वाले सेक्टर 41-ए के घरों से कूड़ा न उठाए जाने की समस्या पर चर्चा की। काउंसलर हरदीप सिंह ने अधिकारी को बताया कि सेक्टर 41-ए के निवासियों ने शिकायत की है कि कचरा उठाने वाले कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण अक्सर समय पर कचरा नहीं उठाया जाता, जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। उन्होंने आग्रह किया कि जब भी कोई कर्मचारी छुट्टी पर हो या कोई समस्या आए, तो तुरंत किसी दूसरे कर्मचारी की व्यवस्था की जानी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि घर-घर जाकर कचरा उठाने की प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के चलती रहे और निवासियों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि अधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि इस समस्या का तुरंत समाधान किया जाएगा।

जेन-जी के बीच छाए मुख्यमंत्री सुक्खू, युवाओं ने सराहा सहज अंदाज

ऊना में एंटी-चिट्टा वॉकथॉन के दौरान युवाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर चले मुख्यमंत्री

ऊना, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

ऊना में आयोजित एंटी-चिट्टा वॉकथॉन के दौरान मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू युवाओं और जेन-जी के बीच आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्यमंत्री ने न केवल युवाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर वॉकथॉन में हिस्सा लिया, बल्कि उनके बीच घुल-मिलकर संवाद भी किया और उनके साथ सेल्फी खिंचवाई।



वॉकथॉन के दौरान मुख्यमंत्री काफी देर तक बच्चों और युवाओं के बीच रहे। उन्होंने उनसे बातचीत की, उनकी बातें सुनीं और नशे के खिलाफ इस मुहिम में उनकी भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया। मुख्यमंत्री का सहज और आत्मीय व्यवहार युवाओं को खासा पसंद आया। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि चिट्टे के खिलाफ लड़ाई में जेन-जी और युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। युवाओं के सहयोग के बिना चिट्टे के बढ़ते खतरे को रोकना संभव नहीं है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने दोस्तों और साथियों को नशे के दलदल में जाने से रोकें और उन्हें इससे बाहर निकालने में मदद करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के हर वर्ग, विशेषकर युवाओं की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

वॉकथॉन के दौरान मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर युवा और बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। मुख्यमंत्री के साथ बातचीत और सेल्फी लेने के लिए युवाओं में खासा उत्साह दिखा। युवाओं ने मुख्यमंत्री के सहज व्यवहार और उनके साथ घुल-मिलकर चलने के अंदाज की सराहना की।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्यमंत्री संग एंटी-चिट्टा वॉकथॉन में हुए शामिल

चिट्टे के खिलाफ जागरूकता के साथ तस्करों पर कार्रवाई भी जारी रहेगी : मुकेश अग्निहोत्री

ऊना, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री आज मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में ऊना में आयोजित एंटी-चिट्टा वॉकथॉन में शामिल हुए। इंदिरा स्टेडियम से बस स्टैंड तक आयोजित इस वॉकथॉन में 35 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया, जिसमें जिला भर के स्कूलों के बच्चों की संख्या सबसे अधिक रही। स्कूलों के बच्चों के साथ कॉलेजों सहित समाज के विभिन्न वर्गों ने भी इसमें भाग लिया।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि चिट्टे के खिलाफ प्रदेशव्यापी मुहिम चल रही है। चिट्टा केवल हिमाचल ही नहीं, बल्कि देश और अंतरराष्ट्रीय स्तर की समस्या है। बाहर से होने वाली इसकी सप्लाई के कारण इसका प्रकोप प्रदेश के हर कोने तक पहुंच गया है। ऐसे में बच्चों और युवाओं को जागरूक करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऊना में आयोजित वॉकथॉन के माध्यम से बच्चों के साथ-साथ समाज के हर वर्ग को चिट्टे से दूर रहने का संदेश दिया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार जागरूकता के साथ-साथ चिट्टे के तस्करों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई कर रही है। तस्करी में संलिप्त लोगों की संपत्तियां जब्त की जा रही हैं और अब तक 50 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां जब्त की जा चुकी हैं। चिट्टे से जुड़े मामलों में दो दर्जन से



अधिक सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त किया जा चुका है। वहीं, नशे का सेवन करने वालों को चिट्टा छोड़ने में मदद देने के लिए भी सरकार कार्य कर रही है।

पंचायतों को भी अभियान से जोड़ा, सूचना देने वालों की पहचान रखी जा रही गुप्त

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चिट्टे के खिलाफ लड़ाई पूरे समाज की लड़ाई है। हिमाचल पुलिस तस्करों के खिलाफ अच्छा काम कर रही है। इस अभियान में पंचायतों को भी शामिल किया गया है। संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना मिलने पर सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखते हुए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि चिट्टे की तस्करी में महिलाओं और लड़कियों की संलिप्तता के मामले भी सामने आ रहे हैं, इसलिए समाज के हर वर्ग को जागरूक और सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों और केंद्र के साथ समन्वय कर संयुक्त अभियान भी चलाए जा रहे हैं। चिट्टे के खिलाफ कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के लिए कानून में आवश्यक संशोधनों पर भी काम किया जा रहा है। इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री से भी मुलाकात कर चर्चा की गई है।

मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल को चिट्टा मुक्त समाज बनाने के लिए जागरूकता अभियान लगातार चलाया जाएगा और इसके साथ ही तस्करों के खिलाफ कार्रवाई भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में हजारों बच्चों और समाज के विभिन्न वर्गों की भागीदारी से बड़ा संदेश गया है। सरकार हर वर्ग को साथ लेकर कदम से कदम मिलाकर चिट्टे के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है।

ऊना में 17 सितंबर को शिक्षण संस्थानों में अवकाश

ऊना, 16 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा बुधवार को ऊना में आयोजित एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन के दौरान की गई घोषणा के अनुपालन में जिला ऊना में 17 सितंबर (गुरुवार) को अवकाश घोषित किया गया है। उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग की ओर से इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार जिला ऊना के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों, कॉलेजों, बीएड कॉलेजों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) और पॉलीटेक्निक कॉलेजों में विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षण एवं गैर-शिक्षण स्टाफ के लिए भी 17 सितंबर को अवकाश रहेगा। उल्लेखनीय है कि बुधवार को ऊना में आयोजित एंटी-चिट्टा वॉकाथॉन में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों, युवाओं और आमजन ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वॉकाथॉन के दौरान नशे के खिलाफ युवाओं की इस व्यापक भागीदारी और एकजुटता की सराहना करते हुए 17 सितंबर को शिक्षण संस्थानों में अवकाश की घोषणा की थी। इसी घोषणा के अनुपालन में अब उच्च शिक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी की है।

जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिले की अंतिम तिथि 30 सितंबर

पैग़ाम-ऐ-जगत
अंबाला, 16 सितंबर (आर.सिंह)

अंबाला शहर के कांवला स्थित प्रधानमंत्री श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल अजय कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 9वीं और 11वीं कक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदनों की अंतिम तिथि 30 सितंबर, 2026 है और चयन परीक्षा 10 अप्रैल, 2027 (शनिवार) को होनी है।

उन्होंने कहा कि 9वीं कक्षा के लिए, उम्मीदवारों की आयु 1 मई, 2012 से 31 जुलाई, 2014 के बीच होनी चाहिए और 11वीं कक्षा के लिए उनकी आयु 1 जून, 2010 से 31 जुलाई, 2012 (दोनों तिथियों सहित) के बीच होनी चाहिए। 9वीं कक्षा के लिए आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने 2026-27 के शैक्षणिक सत्र के दौरान अंबाला जिले के किसी भी सरकारी स्कूल या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त स्कूल में 8वीं कक्षा में पढ़ाई की होनी चाहिए और 11वीं कक्षा के लिए आवेदन करने के लिए 10वीं कक्षा में पढ़ाई की होनी चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार जो ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन करना चाहते हैं वे नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट https\Ñ//cbseitms.nic.in/2026/nvsi& 9वीं कक्षा के लिए और https\Ñ//cbseitms.nic.in/2026/nvs&i 11वीं कक्षा के लिए अपना आवेदन फॉर्म भर सकते हैं।

नशे की दुकान बंद करवा, डेरा श्रद्धालुओं ने खुलवाई किरयाना दुकान

पैग़ाम-ऐ-जगत/इंद्री/करनाल
16 सितंबर (प्रवीण वालिया)

- गांव धनौरा जागीर में नशा बेचने का काम करता था राजकुमार, डेरा सच्चा सौदा की प्रेरणा से नशे की दुकान को किया बंद
- मुहुर्त के 27 मिनट के दौरान ही बिक गया दुकान में लाखों का सामान, गदगद हुआ राजकुमार बोला, नशा बेचना तो दूर अब लोगों को नशा करने से रोकूंगा



समाज से नशे की गंदी बीमारी को जड़ से उखाड़ने और नशा बेचने वालों को समाज की मुख्यधारा में लाकर उनका पुनर्वास करने की दिशा में डेरा सच्चा सौदा का एक अनोखा और प्रेरणादायक प्रयास सामने आया है। इंद्री के गांव धनौरा जागीर में एक ऐसा चमत्कारिक बदलाव देखने को मिला, जिसने पूरे इलाके में चर्चा और कौतूहल का विषय बना दिया है। गांव में लंबे समय से अवैध नशा बेचने का काम करने वाले व्यक्ति राजकुमार ने न केवल नशा बेचने के धंधे से तौबा की, बल्कि डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों के सहयोग से अब सम्मानजनक जिंदगी की शुरुआत भी कर दी है। सेवादारों ने राजकुमार की नशीले पदार्थों की दुकान को बंद करवाकर वहां लाखों रुपये के किरयाना के सामान की दुकान खुलवा दी है। इतना ही नहीं बुधवार को दुकान का मुहुर्त किया गया और मुहुर्त के बाद देखते ही देखते दुकान का सारा सामान बिक गया। मौके पर पहुंचे लोगों ने चंद मिनटों में ही दुकान का सामान खरीद कर खाली कर दिया।

गांव धनौरा जागीर के राजकुमार का कहना है कि वह नशीले पदार्थों की बिक्री करके अपने परिवार का पेट पाल रहा था। लेकिन डेरा सच्चा सौदा के पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के नशा मुक्ति अभियानों और उनकी पावन शिक्षाओं से प्रभावित होकर उसने इस सामाजिक बुराई को छोड़ने का मन बनाया। राजकुमार ने सेवादारों के समक्ष अपनी व्यथा और आत्मग्लानि व्यक्त करते हुए अर्ज लगाई कि नशा बेचने का काम तो बहुत गलत है और मैं इसे हमेशा के लिए छोड़ना चाहता हूँ, लेकिन इस धंधे से ही मेरे परिवार का दाल-रोटी का गुजारा चलता था। अगर मैं इसे बंद कर दूंगा, तो अपने बच्चों का पेट कैसे पालूँगा? इस पर सेवादारों ने राजकुमार की इस सच्ची पश्चाताप भरी भावना को समझा और तुरंत नशा बेचने की दुकान को तुरंत बंद करवाया जाए और उसके पुनर्वास के लिए गांव में ही एक अच्छी किरयाना दुकान खुलवाई गई, ताकि वह ईमानदारी और मेहनत की कमाई से अपने परिवार का लालन-पालन कर सके। राजकुमार ने कहा कि अब कभी मुड़कर गलत राह पर नहीं देखूँगा। राजकुमार की पत्नी सलिंद्रो ने खुशी से नम आंखों से कहा कि वे डेरा सच्चा सौदा के धन्यवादी हैं, जिन्होने नर्क जैसे काम को बंद करवाकर उनका किरयाना स्टोर खुलवाया है।

डेरा सच्चा सौदा के सच्चे नम्र सेवादार संदीप व कपिल ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा हर उस व्यक्ति को रोजगार मुहैया करवान का काम कर रहा है, जो नशे की दलदल से बाहर निकलेगा। इसी कड़ी में डेरा सच्चा सौदा के सेवादारों ने लाखों रूपए खर्च करके राजकुमार की किरयाना की दुकान खुलवाई है, ताकि उसका परिवार नेक कमाई से अपना पेट भर सके। गांव के सरपंच प्रतिनिधि जगीर सिंह ने कहा कि डेरा सच्चा सौदा का प्रयास सराहनीय है, जिन्होने राजकुमार को नशे का कारोबार बंद करने के लिए प्रेरित किया व गांव में किरयाना दुकान खोलकर दी है। पहले दिन ही राजकुमार की दुकान का सारा सामान बिक गया व हजारों रूपए की कमाई हुई है। उन्होने नशा बेचने वाले ऐसे सभी लोगों को ऐसे काम बंद कर अच्छे मार्ग पर चलने की सलाह दी। इस मौके पर संदीप अन्नू, कपिल, सुखविंद्र इन्सां, विपिन इन्सां, प्रदीप इन्सां, महेंद्र इन्सां, कर्मबीर इन्सां, दीपक इन्सां, रोशन इन्सां, प्रेम इन्सां सहित अन्य मौजूद रहे।

नशा मुक्त नमो मैराथन के लिए तैयारियां मुकम्मल-डीसी सचिन गुप्ता

पैग़ाम-ऐ-जगत/अंबाला
16 सितंबर (आर.सिंह)



डिप्टी कमिश्नर सचिन गुप्ता ने बताया कि सेवा संकल्प के हिस्से के रूप में 17 सितंबर को अंबाला शहर के हर्बल पार्क के पास होने वाली नशा मुक्त नमो मैराथन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और नमो मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। डिप्टी कमिश्नर इस कार्यक्रम के संबंध में अपने कैंप कार्यालय में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार अमित सैनी रोहतकिया के साथ ही सत्यम लांबा और अन्य कलाकारों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने जिले के निवासियों से इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की। बैठक के दौरान डिप्टी कमिश्नर ने पुलिस अधिकारियों को हिदायत दी कि मैराथन के दौरान किसी भी समस्या के समाधान के लिए रास्ते पर पुलिस की व्यापक मौजूदगी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी बताया कि अंबाला जिले के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एथलीट इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड का प्रबंध करने, पुलिस विभाग को पार्किंग का प्रबंध करने, जन स्वास्थ्य विभाग को पीने के पानी का प्रबंध करने, बिजली निगम को निर्बाध बिजली आपूर्ति का प्रबंध करने, नगर निगम को सफाई और वीआईपी रेस्टरूम का प्रबंध करने के लिए कहा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सुबह 6 बजे झंडी दिखाने पर शुरू होने वाली इस नमो मैराथन के लिए उन्होंने सभी प्रशासनिक अधिकारियों को अपने स्टाफ सहित सुबह 5:30 बजे तक स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी बताया कि नशा मुक्त नमो मैराथन हर्बल पार्क के पास पृथ्वीराज चौहान चौक से शुरू होगी और शौर्य चौक, पुलिस लाइन चौक, गैलेक्सी मॉल के सामने और सेशन हाउस से होते हुए, फिर हर्बल पार्क में समाप्त होगी।

उन्होंने आगे कहा कि नमो मैराथन के लिए निर्धारित रास्ता सुबह वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा।

650वां प्रकाश पर्व-गुरुवार को 500 ड्रोन रोशन करेंगे होशियारपुर का आसमान

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

- होशियारपुर के मल्टीपर्पज आउटडोर लाजवंती स्टेडियम में होगा ड्रोन शो
- श्री गुरु रविदास जी के जीवन और दर्शन की होगी शानदार प्रस्तुति: विधायक जिंपा



श्री गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित पंजाब सरकार द्वारा गुरुवार शाम होशियारपुर के मल्टीपर्पज आउटडोर लाजवंती स्टेडियम में शानदार ड्रोन शो करवाया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए विधायक ब्रम शंकर जिंपा ने बताया कि 500 ड्रोन आसमान को रोशन करते हुए गुरु जी के जीवन और शिक्षाओं की शानदार प्रस्तुति करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अनूठे एरियल शो के माध्यम से तकनीक और आध्यात्मिकता का संगम दिखाने के लिए संगत के बैठने के विशेष प्रबंध किए गए हैं। शो से पहले रागी जत्थे द्वारा कीर्तन भी सुनाया जाएगा। शो के दौरान ड्रोन के माध्यम से श्री गुरु रविदास जी के जीवन और दर्शन को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा श्री गुरु रविदास जी का 650वां प्रकाश पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। आधुनिक माध्यमों के जरिए गुरु जी के सर्व-साझे दर्शन को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि प्रकाश पर्व को समर्पित समारोह के तहत राज्यभर में 92 ड्रोन शो करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को गुरु जी के क्रांतिकारी दर्शन से परिचित कराने के साथ-साथ उनकी शिक्षाओं को लोगों तक पहुंचाना है, जो आज के समय में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं।

संपादक-दविंदर कुमार प्रिंटर, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकिंग लिमिटेड, प्लॉट 22 और 49 जीएफ, इंडस्ट्री एरिया, फेज-2 पंचकुला (हरियाणा) से प्रकाशित Title code : CHAMUL00914
Editor-Davinder Kumar printed at Impression Printing & Packaging Ltd.Plot 22 & 49GF, Industrial Area, Phase-2 Panchkula(Haryana)-134115

सी.एच.सी. बीनेवाल में यूडीआईडी कैंप के दौरान 313 मरीजों की मेडिकल जांच, 17 योग्य लाभार्थियों के बने यूडीआईडी कार्ड

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मनदीप कमल के दिशा-निर्देशों के अनुसार तथा सीनियर मेडिकल ऑफिसर, सी.एच.सी. बीनेवाल डॉ. निर्मल कुमार के नेतृत्व में 15 सितंबर 2026 को सी.एच.सी. बीनेवाल, जिला होशियारपुर में यूडीआईडी (विशिष्ट दिव्यांगता पहचान) कैंप लगाया गया।



कैंप के दौरान विभिन्न मेडिकल विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा दिव्यांगजनों एवं लाभार्थियों की मेडिकल जांच की गई। इस अवसर पर कान-नाक-गला, मेडिसिन, मनोचिकित्सा, नेत्र, हड्डी रोग तथा सर्जरी विभागों के विशेषज्ञों द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं। कैंप के दौरान कुल 313 मरीजों की मेडिकल जांच की गई, जिनमें 138 पुरुष, 141 महिलाएं, 17 पुरुष बच्चे तथा 17 महिला बच्चे शामिल थे। इनमें से 17 योग्य लाभार्थियों के यूडीआईडी कार्ड बनाए गए।

कैंप में दिव्यांगजनों को उनकी दिव्यांगता से संबंधित मेडिकल जांच, आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श तथा यूडीआईडी कार्ड बनाने संबंधी सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य योग्य दिव्यांगजनों को यूडीआईडी कार्ड के माध्यम से सरकारी सुविधाओं तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना है।

कैंप संबंधी जानकारी देते हुए सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मनदीप कमल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को उनके नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए ऐसे कैंप भविष्य में भी लगातार लगाए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि इन कैंपों का उद्देश्य योग्य दिव्यांगजनों को मेडिकल मूल्यांकन तथा यूडीआईडी से संबंधित सेवाएं आसानी से उपलब्ध करवाना है।

पाकिस्तानी खुफिया नेटवर्क के डिजिटल जाल से सावधान रहें

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

- **फर्जी पहचान, लालच और भावनात्मक जुड़ाव के जरिए युवाओं को निशाना बनाए जाने की आशंका: एसपी विनोद कुमार**

पुलिस अधीक्षक हांसी विनोद कुमार ने भारतीय युवाओं से सोशल मीडिया और डिजिटल माध्यमों पर होने वाले संदिग्ध संपर्कों को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों के सामने ऐसे मामले आए हैं, जिनमें पाकिस्तान आधारित संदिग्ध खुफिया नेटवर्क से जुड़े लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से भारतीय नागरिकों से संपर्क कर संवेदनशील जानकारी हासिल करने का प्रयास किया। एसपी ने कहा कि डिजिटल दुनिया में किसी अनजान व्यक्ति की पहचान केवल उसकी सोशल मीडिया प्रोफाइल देखकर सुनिश्चित नहीं की जा सकती। फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम या अन्य प्लेटफॉर्म पर फर्जी नाम और फोटो से प्रोफाइल बनाकर पहले दोस्ती की जा सकती है और बाद में निजी फोटो, वीडियो, मोबाइल नंबर या अन्य जानकारी हासिल करने का प्रयास हो सकता है।



उन्होंने कहा कि भावनात्मक जुड़ाव या लगातार निजी बातचीत के माध्यम से विश्वास हासिल कर संवेदनशील जानकारी लेने अथवा ब्लैकमेल करने का प्रयास भी किया जा सकता है। इसी तरह वर्क फ्रॉम होम, डेटा एंट्री, ऑनलाइन टास्क या अधिक कमाई का लालच देकर फोटो, दस्तावेज, मोबाइल नंबर, लोकेशन या अन्य जानकारी मांगी जा सकती है।

एसपी ने विदेशी नंबरों, विशेषकर +92 या अन्य अनजान नंबरों से आने वाली संदिग्ध कॉल, संदेश और व्हाट्सऐप लिंक से सावधान रहने को कहा। उन्होंने लॉटरी, इनाम, नौकरी या आर्थिक लाभ का लालच देने वाले लिंक पर क्लिक न करने और किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं करने की सलाह दी।

उन्होंने युवाओं से धार्मिक भावनाओं का दुरुपयोग कर भड़काने, उकसाने या देश विरोधी गतिविधियों के लिए प्रभावित करने वाले संदिग्ध व्यक्तियों या समूहों से दूर रहने और इसकी सूचना पुलिस को देने की अपील की।

संवेदनशील जानकारी साझा न करें

एसपी ने कहा कि सैन्य या सुरक्षा प्रतिष्ठानों की फोटो, वीडियो, लोकेशन, सुरक्षा व्यवस्था, सरकारी संस्थानों से जुड़ी संवेदनशील अथवा गोपनीय जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। उन्होंने कहा कि सामान्य दिखाई देने वाली छोटी जानकारी का भी गलत इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हाल के एक मामले में एनआईए ने पाकिस्तान आधारित ऑपरेटिव्स से जुड़े कथित जासूसी नेटवर्क की जांच के दौरान इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और संवेदनशील दस्तावेज बरामद किए थे।

उन्होंने कहा कि संदिग्ध नेटवर्क के संपर्क में आकर गैर-कानूनी गतिविधि में शामिल होने या संवेदनशील जानकारी उपलब्ध कराने पर गंभीर कानूनी परिणाम हो सकते हैं। इसलिए किसी अनजान व्यक्ति के कहने पर संदिग्ध कार्य न करें और संदेह होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

हांसी पुलिस ने युवाओं से अनजान सोशल मीडिया प्रोफाइल की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से पहले सावधानी बरतने, निजी फोटो, वीडियो और दस्तावेज साझा न करने तथा अपनी लोकेशन या संवेदनशील स्थानों की जानकारी न देने की अपील की है। किसी संदिग्ध गतिविधि या संपर्क की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा गया है। ब्लैकमेल किए जाने की स्थिति में घबराने के बजाय चैट, नंबर और अन्य साक्ष्य सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है।

एसपी विनोद कुमार ने कहा कि देश की सुरक्षा में प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। युवाओं को सोशल मीडिया का इस्तेमाल जागरूकता और सावधानी के साथ करना चाहिए तथा संदिग्ध संपर्क या गतिविधि की जानकारी समय रहते पुलिस तक पहुंचानी चाहिए।

17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

- **17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' से होगा अभियान का आगाज: डीसी**

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
16 सितंबर (प्रवीण वालिया)

डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन तथा जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर को सायं 6 बजे कर्णताल में 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम से होगा। इसके साथ ही जिले की सभी गौशालाओं में सुबह हवन-यज्ञ और शाम को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गौशालाओं में पशु स्वास्थ्य शिविर लगाकर गोवंश के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। इसके अलावा जिले में पिछले 12 वर्ष के दौरान हुए विकास कार्यों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे।



डीसी बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में अभियान की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभियान के तहत प्रस्तावित कार्यक्रमों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने निर्देश दिए कि ब्लॉक स्तर के साथ नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका तथा महाग्रामों में भी सेवा शिविर लगाए जाएं। शिविरों में विभिन्न विभागों की योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों की समस्याओं का समाधान, लंबित मामलों का निपटारा तथा पात्र नए लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया मौके पर पूरी की जाए। पात्र लोगों को सेवाओं और योजनाओं का लाभ यथासंभव मौके पर ही उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए।

स्कूल-कॉलेजों में होंगी रचनात्मक गतिविधियां

डीसी ने शिक्षा विभाग को स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में सेवा, राष्ट्र निर्माण और रचनात्मकता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, रंगोली तथा अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। जिला और स्कूल स्तर पर बेहतर गतिविधियों एवं नवाचारों की पहचान कर उन्हें व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा। अभियान में विद्यार्थियों और युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

कार्यक्रमों की होगी नियमित निगरानी

डीसी ने सभी विभागों को अपनी कार्ययोजना समय रहते अंतिम रूप देने और तैयारियां निर्धारित समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। प्रत्येक कार्यक्रम की नियमित निगरानी के साथ प्रगति रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध करवाने को कहा गया। सभी कार्यक्रमों की हाई डेफिनेशन फोटो एवं वीडियो भी तैयार करवाए जाएंगे। अभियान के बाद जिले में आयोजित गतिविधियों और नवाचारों पर आधारित कॉफी टेबल बुक तैयार की जाएगी।

लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण का शुभारंभ

डीसी ने बताया कि अभियान के दौरान दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के दूसरे चरण का शुभारंभ किया जाएगा। इसके माध्यम से अधिक पात्र महिलाओं को योजना का लाभ दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। श्रमिकों के कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र श्रमिकों को भी लाभ प्रदान किया जाएगा। अधिकारियों को पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ सुगमता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में एडीसी डॉ. राहुल रईया, करनाल एसडीएम देवेंद्र शर्मा, घरौंडा एसडीएम अनुभव मेहता, इन्द्री एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता, नीलोखेड़ी एसडीएम अशोक कुमार, असंध एसडीएम सुमित सिहाग, जिला परिषद के सीईओ अमित कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

अघोषित बिजली कटों ने खोली सरकार के दावों की पोल : संजीव तलवाड़

होशियारपुर, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

- **शिरोमणि अकाली दल की ओर से होशियारपुर में विशाल धरना; किसानों, व्यापारियों, उद्योगपतियों, महिलाओं और आम लोगों ने बड़ी संख्या में लिया हिस्सा**



पंजाब में अघोषित और लंबे बिजली कटों के मुद्दे को लेकर शिरोमणि अकाली दल की ओर से आज होशियारपुर में सरकार के खिलाफ विशाल धरना दिया गया। सर्कल कार्यालय, पंजाब राज्य बिजली बोर्ड, टांडा रोड में आयोजित इस धरने में पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के अलावा किसानों, व्यापारियों, उद्योगपतियों, महिलाओं और आम उपभोक्ताओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर बिजली कटों के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया।

धरने का नेतृत्व करते हुए शिरोमणि अकाली दल विधानसभा हलका होशियारपुर के प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष संजीव तलवाड़ ने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर किए जा रहे दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा अंतर है। उन्होंने कहा कि लोगों को लंबे अघोषित बिजली कटों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण घरेलू जीवन के साथ-साथ व्यापार, उद्योग और कृषि भी प्रभावित हो रही है।

संजीव तलवाड़ ने कहा, 'सरकार दावे कुछ और कर रही है, लेकिन पंजाब के लोगों को जमीनी स्तर पर बिजली कटों की मार झेलनी पड़ रही है। जब बिजली ही नियमित नहीं मिलेगी तो उद्योग कैसे चलेगा, दुकानदार अपना कारोबार कैसे करेगा और किसान अपनी खेती कैसे संभालेगा?'

उन्होंने कहा कि बिजली लोगों की बुनियादी जरूरत है और सरकार की जिम्मेदारी है कि हर वर्ग को नियमित एवं भरोसेमंद बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अघोषित बिजली कटों के कारण लोगों को हो रही परेशानी को शिरोमणि अकाली दल नजरअंदाज नहीं करेगा और लोगों की समस्याओं को लेकर अपनी आवाज लगातार बुलंद करता रहेगा।

धरने को संबोधित करते हुए शिरोमणि अकाली दल पंजाब के उपाध्यक्ष जतिंदर सिंह लाली बाजवा ने कहा कि बिजली केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि आज के समय में लोगों की बुनियादी जरूरत है। घंटों बिजली बंद रहने के कारण घरेलू महिलाओं, विद्यार्थियों, दुकानदारों, व्यापारियों और उद्योगपतियों सहित हर वर्ग प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण कारोबारी वर्ग को उत्पादन और व्यापार में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि किसानों के लिए भी सिंचाई संबंधी समस्याएं पैदा हो रही हैं।

बीसी सेल, शिरोमणि अकाली दल पंजाब के महासचिव बिक्रमजीत सिंह कलसी ने कहा कि लोगों की समस्याओं को केवल राजनीतिक बयानों से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर हल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि अघोषित बिजली कटों का कारण क्या है और लोगों को इस समस्या से कब तक राहत मिलेगी।

इस अवसर पर एससी सेल, शिरोमणि अकाली दल के जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के दिशा-निर्देशों के तहत पंजाब भर में अघोषित बिजली कटों और लोगों की समस्याओं को लेकर धरने दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि होशियारपुर में आयोजित यह धरना भी लोगों की आवाज सरकार तक पहुंचाने की इसी मुहिम का हिस्सा है।

धरने में महिलाओं की बड़ी भागीदारी भी देखने को मिली। महिला नेत्री नीति तलवाड़ ने कहा कि लंबे बिजली कटों के कारण घरेलू कामकाज, बच्चों की पढ़ाई और परिवारों के रोजमर्रा के जीवन पर सीधा असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि अकाली दल लोगों की समस्याओं से मुंह नहीं मोड़ेगा और बिजली आपूर्ति के मुद्दे पर लोगों की आवाज लगातार उठाई जाएगी। धरने को राणा रणवीर सिंह, जसविंदर सिंह, सरदार जगतार सिंह, एडवोकेट सुखबीर सिंह, दविंदर भारज, इंद्रजीत कंग, गुरिंदर सिंह गोल्डी और माखन सिंह ने भी संबोधित किया तथा बिजली कटों के कारण लोगों को पेश आ रही समस्याओं को उजागर किया। इस अवसर पर इकबाल सिंह गोपी, गुरबख्श सिंह रीहल, सरदार जगतार सिंह, रविंदर सिंह, संजीव थापर, धर्मेंद्र पाल, मीना कुमारी, वेद आदिया, मनप्रीत संधू, अनूप भारद्वाज और श्रीमती संजना सहित बड़ी संख्या में शिरोमणि अकाली दल के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित थे। धरने के दौरान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अघोषित बिजली कटों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लोगों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की।

महिला कांग्रेस को मिला नए नेतृत्व का मंच, संगठन सृजन अभियान में महिला कार्यकर्ताओं ने दिखाई सक्रिय भागीदारी

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल, (प्रवीण वालिया)

महिला कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने तथा नई महिला नेतृत्व क्षमता को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, करनाल में संगठन सृजन अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन सृजन अभियान की प्रभारी श्रीमती रुपिंदर कौर विशेष रूप से उपस्थित रहीं।



दोपहर 1 बजे आयोजित कार्यक्रम में संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियों एवं पदों के लिए इच्छुक महिला कार्यकर्ताओं से आवेदन एवं नामांकन प्राप्त किए गए। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने, जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने को लेकर अपने विचार रखे।

श्रीमती रुपिंदर कौर ने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं और महिला कार्यकर्ताओं की भूमिका इसमें बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य केवल पदों की जिम्मेदारी देना नहीं, बल्कि ऐसी सक्रिय, समर्पित और संघर्षशील महिला कार्यकर्ताओं को नेतृत्व के अवसर देना है, जो लगातार जनता के बीच रहकर संगठन को मजबूती प्रदान कर सकें।जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी), करनाल के जिला अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि महिला शक्ति कांग्रेस संगठन की महत्वपूर्ण ताकत है और संगठन सृजन अभियान के माध्यम से नई नेतृत्व क्षमता को आगे लाने का गंभीर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्षों से संगठन के लिए मेहनत कर रही महिला कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी और नेतृत्व के अवसर मिलना जरूरी है।

पराग गाबा ने कहा, 'हमारा लक्ष्य केवल संगठन में पदों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि ऐसे मजबूत नेतृत्व को तैयार करना है जो जनता के बीच रहकर संगठन की आवाज बने। महिला कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से कांग्रेस संगठन को बूथ से लेकर जिला स्तर तक नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के माध्यम से कांग्रेस में नई ऊर्जा, नए विचार और नए नेतृत्व को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। महिला कांग्रेस को मजबूत बनाकर संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय एवं प्रभावी बनाया जाएगा। कार्यक्रम में मधुर ठाकुर, नवजोत कश्यप, शारदा सिद्धू, संतोष गिल, सुदेश रानी, सपना राणा, रिशा नैन, ईषा शर्मा, बिंदर पोसवाल, जोगिंदर वाल्मीकि, दिलशेर डाचर एवं देवी सिंह सहित अन्य महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। सभी ने संगठन को मजबूत करने और आगामी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया।

हांसी शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान जारी

पैग़ाम-ऐ-जगत/हांसी (दिनकर गावड़ी)

- **डीएमसी एवं एडीसी लक्षित सरीन के मार्गदर्शन में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर**

हांसी शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं साफ-सुथरा बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा विशेष सफाई अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को नगर परिषद की टीमों द्वारा वार्ड नंबर 1, 5, 16, 19 व 24 में विशेष सफाई अभियान चलाकर विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई।



डीएमसी एवं एडीसी लक्षित सरीन के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के दौरान सफाई कर्मचारियों ने गलियों, सार्वजनिक स्थानों, सड़क किनारे तथा अन्य चिन्हित स्थानों से कूड़ा-कचरा हटाया। अभियान के तहत ऐसे स्थानों पर विशेष ध्यान दिया गया, जहां नियमित सफाई के बावजूद अतिरिक्त सफाई की आवश्यकता थी। सफाई टीमों ने कचरे को एकत्रित कर उसका उचित निस्तारण सुनिश्चित किया। डीएमसी एवं एडीसी लक्षित सरीन ने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना केवल नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ वातावरण से जहां शहर की सुंदरता बढ़ती है, वहीं नागरिकों को भी बेहतर एवं स्वस्थ वातावरण मिलता है। उन्होंने अधिकारियों एवं सफाई कर्मचारियों को सफाई कार्य में निरंतरता बनाए रखने तथा चिन्हित स्थानों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपने घरों एवं दुकानों से निकलने वाले कचरे को खुले में न डालें और निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालें। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों को गंदा न करने तथा स्वच्छता अभियान में नगर परिषद की टीमों का सहयोग करने की अपील की।

वीरवार को होगा 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ : डी.सी. राहुल नरवाल

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

- **17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिलेभर में चलेंगे जनसेवा, जागरूकता और जनभागीदारी से जुड़े कार्यक्रम: डीसी राहुल नरवाल**



जनसेवा और सुशासन की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले में 'सेवा संकल्प अभियान' का शुभारंभ वीरवार, 17 सितंबर को होगा। अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जिलेभर में सेवा, सहयोग, जागरूकता, जनभागीदारी और विकास से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान की तैयारियों को लेकर डीसी राहुल नरवाल ने बुधवार को संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इससे पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्तों के साथ बैठक कर अभियान की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ जन अभियान का रूप देने तथा विभिन्न सेवा गतिविधियों का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। डीसी राहुल नरवाल ने बताया कि अभियान के पहले दिन हांसी में जिला सचिवालय, रेलवे स्टेशन , तोरण द्वार, हांसी-भिवानी राजमार्ग, माता काली देवी मंदिर, गीता चौक, जैन मंदिर, राधा स्वामी सत्संग भवन, केशी फार्म, हिसार चुंगी विद्यालय, जाट धर्मशाला, लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, बजरंग आश्रम, एसडीओ महिला महाविद्यालय, समाधा मंदिर, डॉ. आंबेडकर चौक, पटेल चौक, तिकोना पार्क, बरसी गेट, जेसीआई चौक, अशोक चौक, राजकीय महाविद्यालय, डाटा, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, हांसी, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, नागरिक अस्पताल, बाबा बंदा बहादुर विद्यालय, पृथ्वीराज चौहान किला, तहसील कार्यालय, राजकीय महाविद्यालय उगालन, लघु सचिवालय नारनौंद, नगर पालिका कार्यालय नारनौंद, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्याऊ माजरा, तहसील कार्यालय खेड़ी जालब तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राखी शाहपुर में आशीर्वाद का दिया अभियान के तहत दीप प्रज्वलित कार्यक्रम होंगे।

उन्होंने बताया कि जिले में इसके साथ साथ सभी बूथों ,अमृत सरोवरों, विकास परियोजनाओं, गौशालाओं तथा धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं में भी 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

डीसी ने बताया कि पूरे एक माह के दौरान अलग-अलग मॉड्यूल के माध्यम से लोगों को सेवा कार्यों से जोड़ा जाएगा। अभियान में रक्तदान, मेरे सपनों का भारत, आंगन मिलन सेवा, सेवा ज्योति कलश यात्रा, सेवा मेरा योगदान, चित्र सेवा, सेवा के रंग-राष्ट्र के संग, सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज और सेवा सेतु अभियान जैसी गतिविधियां आयोजित होंगी। इसके अलावा नमो सेवा-अनकही कहानियां' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा कार्यों, जनभागीदारी और सुशासन से जुड़े अनुभवों को लोगों तक पहुंचाया जाएगा। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज के अलग-अलग वर्गों को रचनात्मक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को सेवा गतिविधियों से जोड़ना और पात्र लोगों तक सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। इसके लिए विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं, स्वयं सहायता समूहों और आम नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के तहत होने वाली प्रत्येक गतिविधि की प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए।

साथ ही, कार्यक्रमों का फोटो एवं वीडियो दस्तावेजीकरण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि जिले में किए जा रहे सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यों को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया जा सके।

अंबाला का ऐतिहासिक वामन द्वादशी तीन दिवसीय मेला 21 सितंबर से

पैग़ाम-ऐ-जगत/अंबाला
16 सितंबर (आर.सिंह)

सनातन धर्म सभा अंबाला शहर द्वारा हर साल आयोजित किया जाने वाला ऐतिहासिक और धार्मिक वामन द्वादशी मेला इस बार 21 सितंबर से 23 सितंबर, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस मेले के संबंध में आज सभा के पदाधिकारियों द्वारा अंबाला शहर के जीआरएसडी स्कूल में एक विशाल प्रेस कॉन्फ्रेंस करके जानकारी दी गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विनोद बंसल, मुकेश सिंघल, कुलभूषण गोयल, मुकेश जिंदल, हिमांशु अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, अनित बिंदल और सभा के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।



सभा के प्रधान और मेला समन्वयक नरेश अग्रवाल ने बताया कि भगवान वामन की पवित्र याद में लगाया जाने वाला यह ऐतिहासिक मेला अंबाला शहर की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मेले के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 21 सितंबर को पूर्व मंत्री असीम गोयल ठाकुर द्वारा मंदिर से झूला उठा कर मेले का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद झूले श्री राधा कृष्ण मंदिर, कलाल माजरी मंदिर और खेड़ा और नौहरिया मंदिर से पुरानी अनाज मंडी तक जुलूस में जाएंगे। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा बैंड, धार्मिक गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे।

मेले के समन्वयक अरविंद अग्रवाल (लक्की) ने बताया कि 21 सितंबर को रात 8 बजे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में मेले में शामिल होंगे जबकि 22 सितंबर को हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण मंत्री कृष्ण बेदी मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व मंत्री असीम गोयल दोनों दिनों के समारोहों की अध्यक्षता करेंगे। मेले के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक विशेष श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। प्रसिद्ध पंजाबी गायक गुलाब सिद्धू 21 सितंबर को प्रस्तुति देंगे जबकि 22 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध भजन गायिका गौरा मणि अपने सुरीले भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगी। दोनों दिन आतिशबाजी (रोशनी) भी होगी। उन्होंने आगे बताया कि 23 सितंबर को दोपहर 1 बजे पूर्व मंत्री असीम गोयल झूला उठा कर विशाल जुलूस का उद्घाटन करेंगे।

'पैगाम-ए-जगत' में प्रकाशित सामग्री और अन्य विवादों से संबंधित मामलों का निपटारा केवल मोहाली (चंडीगढ़) न्यायालय में ही किया जाएगा। यह आवश्यक नहीं है कि संपादक लेखकों की राय से सहमत हो। -संपादक, पैगाम-ए-जगत

अवैध रूप से विस्फोटक पदार्थ से पटाखे तैयार करने के मामले में सीआईए-3 की कार्रवाई, दो आरोपी काबू

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
16 सितंबर (प्रवीण वालिया)

पुलिस अधीक्षक करनाल श्री करन गोयल, आईपीएस के आदेशानुसार जिले में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए-3 की टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से विस्फोटक पदार्थ से पटाखे तैयार करने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस टीम ने मौके से 90 पेटियां तैयार पटाखे व करीब 3 क्विंटल पटाखे बनाने का कच्चा माल बरामद किया है।

सीआईए-3 प्रभारी निरीक्षक की अगुवाई में पुलिस टीम को विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई थी कि

• 90 पेटियां पटाखे व 3 क्विंटल कच्चा माल बरामद, बिना लाइसेंस व परमिट के चल रहा था पटाखे बनाने का काम



गांव मोहिद्दीनपुर, करनाल स्थित एक खाली मुर्गी फार्म में बिना किसी वैध लाइसेंस एवं परमिट के अवैध रूप से पटाखे तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए उक्त स्थान पर दबिश दी और मौके से मुर्गी फार्म मालिक सहित एक अन्य आरोपी को काबू किया।

काबू किए गए आरोपियों की पहचान कुलदीप पुत्र मांगे राम निवासी उत्तम नगर, करनाल तथा साहिर पुत्र कल्लू निवासी कैराना, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा पटाखे तैयार करने संबंधी वैध लाइसेंस एवं परमिट के बारे में पूछताछ की गई, लेकिन आरोपी कोई लाइसेंस अथवा परमिट प्रस्तुत नहीं कर सके।

पुलिस टीम ने मौके से 90 पेटियां पटाखे तथा करीब 3 क्विंटल पटाखे तैयार करने का कच्चा माल बरामद किया। इस संबंध में थाना सदर करनाल में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है तथा मामले की जांच जारी है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में आयोजित होंगे सात रक्तदान शिविर : एसडीएम एवं जिला नोडल अधिकारी राजेश खोथ

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला में लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करने तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सात रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

एसडीएम एवं सेवा संकल्प अभियान के जिला नोडल अधिकारी राजेश खोथ ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित होने वाले इन रक्तदान शिविरों में आमजन, युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों तथा विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों को बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक बहुत ही मानवीय कार्य है और स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।


• 17 सितंबर से 15 अक्टूबर तक विभिन्न शिक्षण संस्थानों, अस्पतालों एवं अन्य स्थानों पर होंगे रक्तदान शिविर



एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 सितंबर को आईटीआई हांसी में मेगा रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 21 सितंबर को विकास मान अस्पताल, हांसी में रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। 22 सितंबर को एसडी महिला कॉलेज, हांसी तथा राजकीय महाविद्यालय, हांसी से संबंधित रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके बाद 29 सितंबर को जयपाल दातना स्पोर्ट्स अकादमी, भाटोल रोड, गांव गढ़ी, 2 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिसाय, 8 अक्टूबर को दादा देवराज, धर्मशाला, नारनौंद तथा 15 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मिर्चपुर में रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे।

एसडीएम ने संबंधित विभागों एवं आयोजकों को निर्देश दिए कि सभी शिविरों में रक्तदाताओं की सुविधा, आवश्यक व्यवस्थाओं तथा जागरूकता गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाए और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आमजन से अपील की कि जो भी स्वस्थ एवं पात्र व्यक्ति रक्तदान करने में सक्षम हैं, वे इन शिविरों में पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान करें और सेवा संकल्प अभियान को जनसेवा की भावना से जोड़ते हुए जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में अपना योगदान दें।

श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव और वामन अवतार का प्रसंग सुनाया





पंचकूला, 16 सितंबर
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

सेक्टर-15 स्थित रघुनाथ मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन आचार्य श्री संदीप शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, वामन अवतार और राजा बलि से जुड़े प्रसंगों का वर्णन सुनाया। कथा के दौरान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग आते ही श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

आचार्य श्री संदीप शास्त्री जी ने बताया कि जब धरती पर अत्याचार और अधर्म बढ़ जाता है, तब भगवान श्रीकृष्ण धर्म की स्थापना और शांति के लिए अवतार लेते हैं। कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य कारागार में देवकी और वासुदेव के यहां हुआ। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म से जुड़े प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए भक्तों को धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के दौरान वामन अवतार और राजा बलि के प्रसंग का भी वर्णन किया गया। आचार्य जी ने कहा कि भगवान के विभिन्न अवतारों के माध्यम से धर्म, सत्य, सेवा और विनम्रता का संदेश मिलता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धार्मिक कथाओं से मिलने वाली शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कथा के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किया और जन्मोत्सव प्रसंग का आनंद लिया।

सरकार ने नंबरदारों को दिया मानदेय का लाभ : एसडीएम राजेश खोथ

पैग़ाम-ऐ-जगत/हांसी (दिनकर गावड़ी)

हांसी उपमंडल के नंबरदारों को राज्य सरकार की ओर से मानदेय की सौगात दी गई है। उपमंडल के 106 नंबरदारों के बैंक खातों में 12-12 हजार रुपये की मानदेय राशि सीधे जमा करवा दी गई है। इस प्रकार कुल 12 लाख 72 हजार रुपये की राशि नंबरदारों के बैंक खातों में पहुंचाई गई है। एसडीएम राजेश खोथ ने बुधवार को ये जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार द्वारा नंबरदारों के मानदेय की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी गई है। इससे उपमंडल के सभी पात्र नंबरदार लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पारदर्शी व्यवस्था के तहत मानदेय की राशि सीधे बैंक खातों में पहुंचाई जा रही है, जिससे लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

एसडीएम ने बताया कि नंबरदार ग्रामीण स्तर पर प्रशासन और आमजन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक कार्यों में सहयोग देने के साथ-साथ वे ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न सूचनाओं को प्रशासन तक पहुंचाने में भी अपनी भूमिका निभाते हैं। एसडीएम राजेश खोथ ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य विभिन्न वर्गों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाना है। इसी दिशा में पात्र लाभार्थियों को वित्तीय लाभ सीधे उनके बैंक खातों में उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

अंबाला कैंट : रोटरी क्लब अंबाला इंडस्ट्रियल एरिया ने किया 'बेसिक एजुकेशन एवं साक्षरता मिशन' का शुभारंभ

अंबाला कैंट, 16 सितंबर (पैग़ाम-ऐ-जगत)

रोटरी क्लब अंबाला इंडस्ट्रियल एरिया द्वारा सितंबर माह 'बेसिक एजुकेशन एंड लिटरेसी मंथ' के रूप में मनाया जा रहा है। इस लड़ी में रोटरी क्लब द्वारा एस.एस. लिटिल एंजल्स कॉन्वेंट स्कूल, अंबाला कैंट में वरिष्ठ रोटेरियन शिक्षाविद डॉ. रतन सिंह ढिल्लों एवं प्रो. गुरदेव सिंह देव के मार्गदर्शन में साक्षरता मिशन की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती नीलिमा खंडेकर ने रोटरी प्रधान श्री दीक्षित कपूर तथा अन्य सदस्यों का अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात कार्यकारी सचिव श्रीमती अनिता कपूर ने मुख्य वक्ता डॉ रतन सिंह ढिल्लों को आमंत्रित किया। डॉ ढिल्लों ने सामाजिक उत्थान एवं राष्ट्र निर्माण में बेसिक शिक्षा, साक्षरता एवं शिक्षक के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डालते हुए इसे सर्वोत्तम सेवा बताया। सभागार में उपस्थित सभी श्रोताओं ने सुरुचिपूर्ण सुनते हुए तालियों से स्वागत किया। पूर्व प्रधान प्रो.गुरदेव सिंह देव ने रोटरी इंटरनेशनल की विभिन्न सेवाओं के लिए प्रदान किए जाने वाले नेशन बिल्डर, वोकेशनल अवार्डस व अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी दी। तदोपरांत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा-समर्पण के लिए स्कूल के पाँच शिक्षकों को ' रोटरी टीचर्स अवार्ड' से सम्मानित किया गया। जिनमें विनय कुमार,अशोक कुमार,मिस कीर्ति लांबा, स्वीटी बाली और सतपाल कौर शामिल रहे । इस अवसर परअन्य उपस्थित रोटरी सदस्यों में रोटेरियन डी.पी. गुलाटी (पूर्व ए.जी.,अध्यक्ष) शशि गुलाटी (पूर्व अध्यक्ष एवं जोनल लिटरेसी ट्रेनर)का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के उपरांत पर प्रधानाचार्य नीलिमा खंडेकर, स्कूल प्रबंधनसमिति के अध्यक्ष श्री आलोक गुप्ता व हाजिर सदस्यों ने वरिष्ठ रोटेरियन डॉ. रतन सिंह ढिल्लों का 80 वां जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया और उन्हें उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु की शुभकामनाएँ दीं।

संवेदनाओं का दरिया है 'वेदना के स्वर': डॉ. ओमप्रकाश कादयान

डॉ. सुदामा शास्त्री की नव-प्रकाशित पुस्तक 'वेदना के स्वर' पर आयोजित हुई परिचर्चा

पैगाम-ऐ-जगत/फतेहाबाद
16 सितंबर (एडवोकेट गुरप्रीत मंडेर)

फतेहाबाद के सुप्रसिद्ध कवि डॉ. सुदामा शास्त्री की नई प्रकाशित काव्य पुस्तक 'वेदना के स्वर' पर परिचर्चा को लेकर हिंदी पखवाड़े के अवसर पर पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया उपकेंद्र, फतेहाबाद में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनेक विद्वानों व साहित्यकारों ने इस पुस्तक को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पावर ग्रिड के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक जितेंद्र कुमार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रख्यात लेखिका व कवयित्री डॉ. सुमन कादयान तथा विशेष आमंत्रित अतिथि के तौर पर कवयित्री सुमन लता 'सुमन' ने शिरकत की। मंच संचालन पावर ग्रिड के अभियंता सुधाकर रावत ने किया। पुस्तक परिचर्चा के दौरान डॉ ओमप्रकाश कादयान ने कहा कि एक कवि का हृदय संवेदनाओं से परिपूर्ण होता है। सामाजिक और राष्ट्रीय विषयों से अभिभूत होने पर



स्वत: उसके हृदय से संवेदनाओं का स्वर प्रस्फुटित होने लगता है। उन्हीं स्वरों को कविता के रूप में कवि कागजों पर उल्लेखित कर देता है। कवि डॉ सुदामा शास्त्री की नई प्रकाशित पुस्तक 'वेदना के स्वर' इन्हीं संवेदनाओं का दरिया है, जिसमें सामाजिक, धार्मिक, राष्ट्रीय और राजनीतिक विषयों पर कविताओं की अजस्र धारा प्रवाहित की गयी है। कवि ने मानव जीवन की उपमा रेल से की है। उन्होंने इस प्रकार अपनी रचना के माध्यम से मानवीय जीवन को रेखांकित किया है, 'चली जा रही है जीवन की रेल, मुसाफिर समझकर पकड़ ले तू मेल। पता नहीं कब इंजन हो जाए फेल, प्रभु के हाथों में जीवन का खेल।' इस रचना के माध्यम से कवि ने मानव जीवन का चरित्र चित्रण बखूबी चित्रित किया है। यह जीवन क्षणभंगुर है। पल- पल इसमें क्षीणता चली आ रही है। हम समझते हैं कि हमारी उम्र बढ़ रही है लेकिन वास्तव में घटती जा रही है। इसी बात को कवि ने दर्शाया है।

डॉ कादयान ने कहा कि 'वेदना के स्वर' वर्तमान समाज का यथार्थ आईना है। पावर ग्रिड के उपमहाप्रबंधक जितेंद्र कुमार ने कहा कि कवि ने धार्मिक उन्माद पर अपनी रचना के माध्यम से धर्म के नाम पर धर्मांध लोगों को अवगत कराया है कि धर्म हमें लड़ना नहीं सिखाता है, बल्कि धर्म हमें जीवन का मार्ग सिखाता है। जीने की कला का नाम ही धर्म है। विज्ञान के शिखर पर बैठकर भी पशुता चढ़ जाती है। ज्ञान के दर्पण पर चढ़ी धूल सत्यता से भटकाती है। लोकाचार व्यवहार नहीं सिखा, डिग्रियां सिर्फ कागज की रह जाएगी। सेवा समर्पण त्याग न सीखा दौड़ती दौलत सिर्फ रह जाएगी।

कवयित्री डॉ सुमन कादयान ने कहा कि कवि ने सरहद पर सीमाओं की रक्षा करने में प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों के प्रति अपनी रचना के माध्यम से अपने भावों को कुछ इस प्रकार पिरोया है 'मैं सरहद पर सर कटाने जाता हूं, भारत का भाल ऊंचा रहे, तभी तिरंगे में लिपट जाता हूं।' कवि ने नारी की महानता को कुछ इस प्रकार अपनी रचना के माध्यम से व्यक्त किया 'नारी तूने ही राम कृष्ण दयानंद पैदा किये।

ऋषि मुनि संत महात्मा जग को दिए। राजगुरु, सुखदेव, भगत सिंह जैसे शहीद दिए। लाजपत, सुभाष, आजाद जैसे महावीर पैदा किये।' कवयित्री सुमन लता ने कहा कि डॉ सुदामा शास्त्री की नई पुस्तक 'वेदना के स्वर' अवश्य ही पाठकों के हृदय को प्रभावित करके समाज में बेहतर बदलाव लाने में अपना सहयोग दे सकती है। अतिथियों ने डॉ सुदामा शास्त्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सेवा संकल्प अभियान: विधायक विनोद भयाना ने संभाली 'सेवा मेरा योगदान' प्रकल्प की कमान

22 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जनसेवा से जुड़ी 25 गतिविधियों का होगा आयोजन

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)


सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला में 'सेवा मेरा योगदान' प्रकल्प का भी आयोजन होगा। लगभग एक माह तक चलने वाले प्रकल्प का नेतृत्व हांसी के विधायक विनोद भयाना करेंगे। 22 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली इस पहल के तहत जनसेवा, सामाजिक जागरूकता, स्वास्थ्य, पर्यावरण, रोजगार और नागरिक सहभागिता से जुड़ी करीब 25 गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

प्रकल्प का मुख्य उद्देश्य नागरिकों, युवाओं, विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संगठनों और सामाजिक संस्थाओं को सेवा कार्यों से जोड़ना है, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से जनकल्याणकारी गतिविधियों को व्यापक रूप दिया जा सके। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों में सामाजिक जिम्मेदारी, सेवा भावना और सामुदायिक सहयोग की भावना को मजबूत किया जाएगा।

प्रकल्प के तहत पौधारोपण अभियान, स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, नशा मुक्ति अभियान, रक्तदान शिविर, मतदाता पंजीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम, रोजगार मेले तथा विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विधायक विनोद भयाना स्वयं विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर नागरिकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों को जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करेंगे। इसी क्रम में विधायक द्वारा स्वास्थ्य मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह मोबाइल वैन हांसी क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शहरी इलाकों में पहुंचकर नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य जांच और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध करवाएगी। इससे दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

रोजगार मेलों के माध्यम से युवाओं को मिलेंगे नए अवसर

'सेवा मेरा योगदान' प्रकल्प के अंतर्गत युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कौशल विकास केंद्रों तथा अन्य शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा। इन मेलों में विभिन्न औद्योगिक संस्थानों, निजी प्रतिष्ठानों और कंपनियों को आमंत्रित किया जाएगा, ताकि योग्य युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी दक्षता और प्रशिक्षण के अनुरूप रोजगार के अवसर मिल सकें।



रोजगार मेलों में युवाओं का पंजीकरण, दस्तावेजों का सत्यापन, साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। चयनित उम्मीदवारों को विधायक विनोद भयाना द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है।

'म्हारी हरी-भरी हांसी' अभियान के तहत लगाए जाएंगे 5000 पौधे

एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'म्हारी हरी-भरी हांसी' अभियान को भी 'सेवा मेरा योगदान' प्रकल्प से जोड़ा गया है। इस अभियान के तहत हांसी क्षेत्र में करीब 5000 पौधे लगाए जाएंगे। पौधारोपण के लिए सरकारी संस्थानों, शिक्षण संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों, सड़कों के किनारे और अन्य उपयुक्त स्थानों का चयन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि केवल पौधे लगाना ही अभियान का उद्देश्य नहीं है, बल्कि लगाए गए पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए विभागों, सामाजिक संस्थाओं, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल बचत, स्वच्छता और हरित क्षेत्र बढ़ाने के महत्व के बारे में भी जागरूक किया जाएगा।

नशा मुक्ति अभियान के माध्यम से युवाओं को किया जाएगा जागरूक

प्रकल्प के दौरान नशे के दुष्प्रभावों के प्रति युवाओं और आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए विशेष शिविर और जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्वास्थ्य विशेषज्ञों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान के बारे में जानकारी दी जाएगी।

युवाओं को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और खेलकूद तथा रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही, नशे की समस्या से प्रभावित लोगों और उनके परिवारों को उपलब्ध उपचार एवं पुनर्वास सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

मतदाता पंजीकरण और मतदान जागरूकता पर रहेगा जोर

प्रकल्प के तहत पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके अलावा मतदाता पहचान पत्र में आवश्यक संशोधन, नए मतदाताओं का पंजीकरण और मतदान प्रक्रिया से संबंधित जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भूमिका और मतदान के महत्व के बारे में बताया जाएगा। नागरिकों से अपील की जाएगी कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग जिम्मेदारी और निष्पक्षता के साथ करें। एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि प्रकल्प के तहत आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, नगर परिषद, सामाजिक संस्थाओं और अन्य संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी सहयोग और समन्वय से कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आयोजित करेंगे, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इन गतिविधियों से जुड़ सकें और उन्हें योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा भी की जाएगी, ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

क्षेत्र में खेलो को बढ़ावा देने व नशे से बचाव हेतू, रन फार ड्रग फ्री रतिया का आयोजन

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया,
16 सितंबर (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

क्षेत्र में खेलो को बढ़ावा देने व नशे से बचाव हेतू, रन फार ड्रग फ्री रतिया कार्यक्रम का 2 कदम और रतिया स्पोर्ट्स क्लब द्वारा फिट एंड फ्लाई जिम, क्रिकेट बेस अकैडमी एवं युवा अरोड़वंश वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके मुख्यातिथि के तौर पर एडिशनल एसएचओ प्रवीण कुमार एवं विशिष्ट अतिथि राजपाल ग्रोवर, प्रधान अरोड़वंश महासभा शामिल हुए, समाजसेवी हरबंस खन्ना, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डा पीयूष अरोड़ा ने की। इस कार्यक्रम मौके बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया जिसमें बच्चों से लेकर युवा वर्ग व बड़ी उम्र के लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होकर 3, 5, 11 कि0मी0 की दौड़ में भाग लेकर रतिया क्षेत्र में अलख जगाई।





कार्यक्रम मौके मंच संचालन की भूमिका डा नैब सिंह मंडेर द्वारा बखूबी निभाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि अतिथि एसएचओ प्रवीण कुमार

एवं विशिष्ट अतिथि राजपाल ग्रोवर अध्यक्ष अरोड़वंश महांसभा रतिया द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। इस दौड़ कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा गया और युवा वर्ग एवं बच्चे बड़ी चुस्ती - फुर्ती एवं सकारात्मक भाव से दौड़े। इस मौके मुख्यातिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा दौड़ कार्यक्रम के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से बचाव एवं खेलों से जोड़ने के लिए यह अच्छा कार्यक्रम है और क्षेत्र में ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ चढ़ बढ़ावा देना चाहिए। वहीं इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक डा पीयूष अरोड़ा द्वारा कार्यक्रम में शामिल युवाओं, बच्चों व गणमान्य सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आप इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बढ़ चढ़ कर शामिल हुए और यह शुरूआत युवा पीढ़ी एवं समाज के लिए नशो से दूर रहने का प्रेरणास्रोत है और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस कार्यक्रम में शहर कि विभिन्न अकैडमी से बच्चे कोच के साथ बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौड़ की समाप्ति मौके कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को मैडल, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम के समापन मौके जलपान एवं रिफ्रेशमेंट दी गई। इस मौके पर क्रिकेट बेस अकैडमी के कोच जतिन बलाना, समाजिक कार्यकर्ता हैप्पी सिंह सेठी, चिराग ग्रोवर, मनिंद्र सिंह पन्नू, रघुवीर सिंह, डा दीपक गोयल, कुलदीप सिंह, बिट्टू सरदाना, विजय चिलाना, डा बिशन दास, परविंद्र सिंह, बीरपाल कलोठा, मनोज कुमार, रामदास मोंगा, हरजीतपाल कक्कड़, रजिंद्र मोंगा, रणजीत सिंह बिट्टू, दविंद्र ग्रोवर, प्रेम सेठी, कृष्ण मोंगा, कुमार सचदेवा, सुनील मोंगा, सतीश अरोड़ा राजीव सूद, इंद्रजीत सिंह सहित नागर अकैडमी, मदर इंडिया स्कूल के बच्चे, गुरू नानक डिफेंस अकैडमी, शेखो अकैडमी सहित विभिन्न संस्थाओं के साथ खुले रूप में क्षेत्रवासियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी ने किया नमो क्रिकेट लीग ट्रॉफी का अनावरण

भाजपा नेता मंगत मित्तल के निवास पर की आत्मीय मुलाकात

पैगाम-ऐ-जगत/रतिया,
6 सितंबर (एडवोकेट गुरप्रीत मंडेर)

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के राजनीतिक सचिव एवं सुदेश भंडारी चैरीटेबल के अध्यक्ष तरुण भंडारी मुख्यातिथि के रूप में नमो क्रिकेट लीग ट्राफी अनावरण समारोह में शामिल हुए । उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि 17 सितंबर से एमएम कॉलेज फतेहाबाद में नमो क्रिकेट लीग का आगाज होगा,जिसमें 55 हजार खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। विजेता टीम को 21 लाख रुपये



का पुरस्कार दिया जाएगा। ट्रॉफी अनावरण के उपरांत माननीय तरुण भंडारी का भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला फतेहाबाद के वरिष्ठ उपप्रधान मंगत मित्तल के निवास स्थान पर आत्मीय आगमन हुआ। इस गौरवमयी अवसर पर मंगत मित्तल ने अपने साथियों सहित पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका हृदय से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया और कहा कि उनके निवास पर आगमन उनके परिवार एवं समस्त व्यापार मंडल के लिए अत्यंत सम्मान और गौरव का विषय है। इस मौके पर महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन भवानी सिंह, डॉ नैब सिंह मंडेर,पारस सिंगला, गुरचरण सिंह खोखर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं मित्तल परिवार उपस्थित था उपस्थित रहे।

"पैगाम-ऐ-जगत"
NEWS & WEB CHANNEL
HEAD OFFICE
F 388, Industrial Area,
Sector 74, Sahibzada Ajit
Singh Nagar, Punjab 160071
CONTACT : +91 9878862733, 9872340701
ਛੋਟਾ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਵੱਡਾ ਦਪਾਰ
"ਪੈਗਾਮ-ਏ-ਜਗਤ" ਵਿੱਚ ਕਿਸੇ ਵੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕਲਾਸੀਫਾਈਡ ਜੈਤਿਸ਼, ਦਪਾਰ, ਨਾਮ ਪਰਿਵਰਤਨ, ਵਿਆਹ ਸੰਬੰਧੀ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਆਦਿ ਲਈ ਘਰ ਬੈਠੇ ਬੁਕਿੰਗ ਕਰੋ।